देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 12.04.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में अब तक सात हजार महिला समूहों को शून्य ब्याज दर पर ऋण वितरित किया गया है।
- उत्तराखंड में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होने वाली फिल्मों और वेब सीरीज़ की शूटिंग पर प्रदेश सरकार अनुदान देगी।
- गर्मियों में पेयजल समस्या के मद्देनजर नैनीताल जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान नए जल संयोजन की स्वीकृति पर रोक, भवन निर्माण के लिए पहले से स्वीकृत संयोजन भी रद्द किये जाएंगे।
- देहरादून के चकराता विकासखंड में बाल विकास विभाग, दिव्यांगजनों का सर्वे करेगा, सर्वे का कार्य 15 मई तक पूरा करने के निर्देश।

## ऋण वितरण

प्रदेश में अब तक सात हजार महिला समूहों को शून्य ब्याज दर पर ऋण वितरित किया गया है। इससे महिलांए स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत रुद्रप्रयाग के रतूड़ा स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने यह बात कही।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को तीन लाख रुपये के चेक वितरित किए। उन्होंने बताया कि राज्य भर में सहकारिता वर्ष के तहत 11 हजार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

डॉ. रावत ने जिला सहकारी बैंक की महिला अधिकारी और कर्मचारियों को ''सहकारिता महिला सम्मान'' से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला सहायक निबंधक मोनिका चुनेरा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 31 करोड़ 6 लाख रुपये का ऋण महिला समूहों को वितरित किया गया है, जबकि दीनदयाल योजना के तहत 21 करोड़ रुपये का ब्याज रहित ऋण विभिन्न लाभार्थियों को मिला है।

अनुदान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ फिल्म डेस्टिनेशन बनाने के लिए ठोस रणनीति के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होने वाली फिल्मों और वेब सीरीज़ को भी राज्य सरकार अनुदान देगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग को नए शूटिंग स्थलों को चिह्नित कर उन्हें प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं ताकि कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य में आदि कैलाश, चकराता और माणा जैसे कई सुंदर स्थान फिल्मांकन के लिए उपयुक्त हैं और सरकार फिल्म इंडस्ट्री को बेहतर सुविधाएं देकर उत्तराखंड को फिल्म निर्माण का हब बनाना चाहती है।

बैठक

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों और देनदारियों के बंटवारे के संबंध में हरिद्वार स्थित यूपी सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने वर्चुअल रूप से भाग लिया।

महाराज ने बताया कि पहले दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों की बैठक में हरिद्वार, उधमसिंहनगर और चंपावत की कुल 660 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड को हस्तांतरित करने की सहमति बनी थी, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश शासन से तत्काल इस संबंध में आदेश निर्गत कराए जाएं।

बैठक में अनुप्रयुक्त खाली भूमि के हस्तांतरण पर सहमति बनी और बताया गया कि उत्तर प्रदेश शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बनबसा में उत्तराखंड सिंचाई विभाग के लिए खंड खोलने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए भी उत्तर प्रदेश को प्रस्ताव भेजने पर सहमति हुई।

इकबालपुर नहर के लिए अपर गंगा कैनाल से पानी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर उत्तर प्रदेश ने अध्ययन कर निर्णय लेने की बात कही।

मौसम

प्रदेश के अनेक हिस्सों में आज भी बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने के साथ तेज बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुये लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। हालांकि मौसम विभाग का मानना है कि बारिश का यह दौर कल से कम होगा और उसके बाद अगले दो दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

इससे पहले, पिछले दो दिनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई। इससे जहां एक ओर मौसम सुहावना बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर खेती और बागवानी को नुकसान भी पहुंचा है।

दिशा–निर्देश

बढ़ती गर्मी और संभावित पेयजल संकट को देखते हुए नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंताओं को 15 अप्रैल से मानसून के आगमन तक विशेष दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नैनीताल, हल्द्वानी, रामनगर और लालकुआं के चारों जल संस्थान खंडों को निर्देशित किया है कि जल स्रोतों के घटते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए 20 जून तक पेयजल आपूर्ति को बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाए जाए। निर्देशों के अनुसार इस अवधि में किसी भी नए जल संयोजन को स्वीकृति नहीं दी जाएगी, जबकि भवन निर्माण के लिए पहले से स्वीकृत संयोजन भी रद्द कर दिए जाएंगे। सभी सर्विस सेंटर्स पर वाहनों की धुलाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है और घरेलू पेयजल संयोजनों में पंप के उपयोग को भी पूरी तरह वर्जित कर दिया गया है। पकड़े जाने पर पंप जब्त कर लिया जाएगा और जल संयोजन काट दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि पेयजल का उपयोग केवल पीने और घरेलू आवश्यकताओं तक सीमित रहेगा। छत की टंकियों से रिसाव या ओवरफ्लो की स्थिति में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी और जुर्माने के साथ–साथ संयोजन विच्छेदित कर दिया जाएगा।

सर्वे

देहरादून के चकराता विकासखंड में बाल विकास विभाग द्वारा दिव्यांगजनों का सर्वे किया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि यह सर्वे राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित करने की घोषणा के तहत किया जा रहा है। सर्वे में ऐसे व्यक्तियों को भी शामिल किया जाएगा जिनका अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र या आधार कार्ड नहीं बना है। साथ ही जिन दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र या आधार नहीं बने हैं, उनके लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। सर्वे का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं

द्वारा किया जाएगा, जिनको प्रति सर्वे के आधार पर भुगतान किया जाएगा। प्राप्त सर्वे के आधार पर एलिम्को कानपुर से सहायक उपकरणों की दर के अनुसार धनराशि की मांग की जाएगी। सर्वे कार्य के लिए चकराता के बाल विकास परियोजना अधिकारी को नोडल अधिकारी और सहायक समाज कल्याण अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। यह सर्वे 15 मई 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

समीक्षा

पौड़ी गढ़वाल के जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जिले के सभी पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी और संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में कानून व्यवस्था, लंबित प्रकरणों की प्रगति, यातायात व्यवस्था, साइबर अपराध और नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि बिना हेलमेट, ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की बात भी कही गई। इस दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए आम जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों और ग्राम सभाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बैठक में पिछले माह के अपराधों की समीक्षा की गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही चारधाम यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

रक्त सीरम जांच

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के तहत चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित बनाने की तैयारियों में पशुपालन विभाग सक्रिय हो गया है। यात्रा मार्गों पर आने वाले घोड़े–खच्चरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए श्रीनगर स्थित रोग अनुसंधान प्रयोगशाला में इनके रक्त सीरम की जांच की जा रही है, जिसमें हॉर्स फ्लू जैसी बीमारियों की जांच शामिल है। अब तक प्रयोगशाला में पांच हजार से अधिक नमूने जांच के लिए पहुंच चुके हैं। गौरतलब है कि यमुनोत्री, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे तीर्थस्थलों की यात्रा पैदल की जाती है, जहां तीर्थयात्रियों और सामान के परिवहन में घोड़े–खच्चरों की बड़ी भूमिका होती है। हर वर्ष हजारों की संख्या में ये पशु यात्रा मार्गों पर पहुंचते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। ऐसे में पशुपालन विभाग द्वारा प्रमुख पड़ावों पर इन पशुओं की फिटनेस जांच की जा रही है। पूर्व वर्षों में कुछ मामलों में ग्लैंडर्स और इक्विन इन्फ्लुएंजा के संक्रमण सामने आए हैं, जिनसे अन्य पशुओं में संक्रमण फैलने की आशंका रहती है। ग्लैंडर्स की पुष्टि होने पर संक्रमित पशु को आइसोलेट कर इच्छामृत्यु देनी होती है, जबकि हॉर्स

फ्लू से संक्रमित पशु को क्वारंटीन किया जाता है और 14 दिन बाद पुनः जांच के बाद ही यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन दिया जाता है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी की है। सभी समाचार पत्रों ने इस ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने लिखा है – उत्तराखंड में महंगी हुई बिजली, इसी माह से 5.62 प्रतिशत की बढोत्तरी।

सरकार ने नंदा राज जात यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी है। इस पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री का हवाला देते हुए हुए लिखा है– नंदादेवी राजजात मार्ग पर समुचित सुविधाएं सुनिश्चित करें। अमर उजाला ने लिखा है – लोक उत्सव के रूप में होगी नंदा राज जात यात्रा।

मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य में आज भी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस खबर पर अमर उजाला ने लिखा है– आज बारिश के साथ ओलावृष्टि का अलर्ट।